Spotlight : The Newsletter

With profound pleasure, humility and anticipation, the College launched the First edition of biannual newsletter ***Spotlight.*** This newsletter endeavours to offer a snapshot of the resplendent hues of the academic and extra-curricular life of the college by providing a platform for displaying the milestones of our young achievers.

The backbone of any successful newsletter is an active, diverse, responsible and visionary effort. This munificent idea of ***Spotlight*** was embodied by the assiduous vision of the Principal of the College, **Dr. Vikramjit Singh.** Spotlight would not have been possible without the arduous efforts of lively gleaners team, **Mr. Chetan Sharma, Dr. Valaria Sethi** and **Dr. Chhavi Mangla.** The editiorial board expresses heartfelt gratitude to the Principal for his extensive support and is strongly convinced, this initiative will provide a cognitive experience and carry forward the rich legacy of the college. The college feels proud as the firstever edition of ***Spotlight*** was inaugrated and blessed by the undaunting stalwart of D.A.V. Institutions, President, *Padam Shri* **Punam Suri ji.**

महाविद्यालय की सर्वांगीण उपलब्धियों का वर्णन

दयानन्द महाविद्यालय के न्यूज़ लैटर का डा. पूनम सूरी द्वारा विमोचन

श्री पूनम सूरी

श्री विक्रमजीत सिंह
प्रिंसीपल

पाठकपक्ष न्यूज

नई दिल्ली (देवेन्द्र उप्पल): प्रदेश के अग्रणी महाविद्यालय दयानन्द कॉलेज हिसार की सर्वांगीण उपलब्धियों का विस्तार से वर्णन जिस न्यूज लैटर में किया गया है उसका विमोचन आज डी.ए.वी. मुख्यालय के सभागार में अध्यक्ष आर्य शिरोमणी डा. पूनम सूरी ने अपने कर कमलों से किया। न्यूज लैटर की प्रस्तुति संस्था के प्रिंसीपल डा. विक्रमजीत सिंह ने की। आज डी.ए.वी. मुख्यालय में डी.ए.वी. कॉलेज मैनेजिंग कमेटी की वार्षिक सामान्य सभा में पूरे देश से प्रतिनिधि आए हुए थे। न्यूज लैटर का विमोचन करते हुए डा. सूरी ने महाविद्यालय की सफलताओं की प्रशंसा की और प्रिंसीपल तथा स्टाफ को इसके लिए हार्दिक बधाई दी। इस न्यूज लैटर को तैयार करने वाली टीम में प्रो. चेतन शर्मा, प्रो. वलेरिया सेठी व प्रो. छवि मंगला शामिल थे जिन्होंने अनथक परिश्रम से इसे तैयार करवाया। प्रिंसीपल ने इस टीम को साधुवाद दिया है।

महाविद्यालय की सफलताओं का उल्लेख करते हुए न्यूज लैटर में बताया गया है कि संस्था के भूतपूर्व छात्रों का सम्मेलन ''अहसास 2022'' निकट भविष्य में आयोजित किया जाएगा। भविष्य के आयोजनों में महत्वपूर्ण व्यक्तियों के भाषण, राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता, रक्तदान शिविर, वेबिनार व कार्यशालाएं आदि शामिल हैं।

खेल के मैदान में छात्र-छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्था का नाम रोशन किया। इनमें सोनिका हुड्डा प्रमुख है जिसने बुल्गारिया और मंगोलिया में भारत का प्रतिनिधित्व किया। परीक्षा परिणामों में बी.बी.ए. की कोमल ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीमा ने बी.एम.सी. में यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बी.एस.सी.प्रथम वर्ष इलेक्ट्रानिक्स में दीपक कुमार ने बी.एस.सी. कम्प्यूटर सांईस में निधी ने, एम.एस.सी. बायोटेक में सोनिया ने, बी.बी.ए. (दूसरा सेमेस्टर) में साहिल ने, एम.एस.सी. ज्योग्राफी में अमित कुमार ने विश्वविद्यालय परीक्षा में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त बी.बी.ए.की तनु शर्मा व आस्था कोहाड़ ने विश्वविद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय स्तर पर राधिका (बी.एस.सी.), सुनैना (बी.एस.सी. इलेक्ट्रानक्सि), तमन्ना बी.ए.एम.सी., नेहा (बी.बी.ए.), ममता एम.एस.सी. व श्रेया गर्ग (एम.काम) में ने यूनिवर्सिटी में उच्च स्थान प्राप्त किए। अंतर विश्वविद्यालय खेलों में बी.ए. अंतिम वर्ष की प्रीति ने रजत पदक जीत कर संस्था के गौरव को बढ़ाया। भारोत्तोलन में इंटर-कालेज प्रतियोगिता में महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एन.सी.सी की गतिविधियों में संस्था ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कालेज की छात्रा सोनिया कटारिया ने यू.पी.एस. सी की परीक्षा में देश में 115 वां रैंक अर्जित कर के संस्था के नाम को गौरवान्वित किया।

संस्था को मार्गदर्शन हेतू स्र्वश्री पूनम सूरी जी प्रधान, एच.आर.गन्धार, उपाध्यक्ष तथा शिव रमन गौड़, डायरेक्टर हायर एजूकेशन ने अपने शुभकामना संदेश इस न्यूज लैटर में प्रेषित किए हैं।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत संस्था को दो करोड़ रूप की राशी प्राप्त हुई जिससे प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय व कक्षाओं का आधुनिकीकरण किया गया। सामाजिक दायित्व का निवार्हन करते हुए कॉलेज ने टीकाकरा शिविर का आयोजन किया। सभी विभागों की गतिविधियों का वर्णन विस्तार से किया गया।

न्यूज लैटर की टीम

Chetan Sharma

Dr. Valaria Sethi

Dr. Chhavi Mangla